




# मूंग बेचने 20 किमी दूर जा रहे किसान

## चांदपुर समिति गुंजौरा में कर रही खरीदी, वेयर हाऊस में जगह की कमी होने के कारण खरीदी केंद्र दूर बना

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जुलाई. ग्रीष्म कालीन मूंग की खेती करने वाले किसान शासकीय खरीदी के नाम पर खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं, जिसका कारण खरीदी केंद्र का दूर बनाना एवं पैदावार के हिसाब से कम खरीदी होना बताया जा रहा है.**



उल्लेखनीय है कि रहली में मूंग की खरीदी का जिम्मा एक मात्र समिति चांदपुर को दिया गया है. लेकिन खरीदी स्थल गुंजौरा ग्राम गढ़ाकोटा तहसील में तय किया है. ऐसे में अधिक मूंग उत्पादित क्षेत्र के किसानों को केंद्र पर मूंग बेचने 20 से 25 किमी तक की दूरी तय करनी पड़ रही है, जिसमें किसानों का हजारों रुपए वाहन में खर्च हो जाता है. वहीं एक-एकड़ पर महज 78 किग्रा खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को वाहन खर्च अधिक लगने एवं समय की परेशानी हो रही है अनेक किसानों ने औसत दो से पांच एकड़ जमीन में मूंग को बुआई की थी, ऐसे में किसानों की दो से पांच क्विंटल मूंग ही बिक पायेगी और किसानों का दो हजार रुपए तक वाहन में खर्च हो जाते हैं. केंद्र की दूरी व खरीदी की मात्रा कम होने से कई किसान केंद्र पर मूंग बेचने से दूरी कर रहे हैं और मंडी में कम भाव पर व्यापारियों को मूंग बेच रहे हैं. किसानों ने बताया कि केंद्र पर मूंग नहीं ले जा रहे मंडी में सीधे ब्यापारियों को बेचकर काम चला रहे हैं.

### जहां की समिति वहीं खरीदारी करें

मूँग खरीदी केंद्र गुंजौरा गढ़ाकोटा तहसील में आता है जबकि जिस समिति को खरीदी का जिम्मा दिया गया, वह सेवा सहकारी समिति चांदपुर रहली तहसील में आती है और स्पाट खरीदी कर रही है. रहली के शासकीय वेयरहाउस में पर्याप्त जगह होने के बाद भी गेहूं खरीद केंद्र गुंजौरा में इसलिए कराया गया क्योंकि रहली के वेयरहाउस में जगह नहीं होने का हवाला दिया गया है. जिले को मिले लक्ष्य के अनुसार कल 16 समितियां मूंग खरीदी करेंगे उस हिसाब से रहली समिति को कुल 2000 क्विंटल मूंग खरीदना है जिसके लिए वेयरहाउस में पर्याप्त जगह बताई जा रही है, जिसका औचक निरीक्षण भी किया जा सकता है. क्षेत्र में कुल मूंग उत्पादन का किसानों से केवल 25% खरीद की जानी है.शेष उत्पादन किसान को मंडी के माध्यम से बाजार में ही बेचना पढ़ रहा है.

### ऋषिश्वर रहली थाना प्रभारी

**सागर.** लंबे समय से रहली जैसे महत्वपूर्ण थाना में प्रभारी थाना प्रभारियों के भरोसे चल रही कानून और व्यवस्था लड़खड़ाने के बाद अब नवागत थाना प्रभारी ने पदभार ग्रहण कर लिया है. थाना प्रभारी संजय ऋषिश्वर ने स्थानांतरण आदेश जारी होते ही रहली थाने का विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया और वरिष्ठ अधिकारी तथा कनिष्ठ सहयोगियों से परिचय किया. थाना संभालते ही बताया कि नयी जगह है यहाँ कानून-व्यवस्था मजबूत करना, अपराधों पर नियंत्रण और जनशिकायतों का त्वरित निराकरण, जनता का विश्वास जीतना और सहयोग उनकी प्राथमिकता होगी. उल्लेखनीय है कि इसके पहले बलेह चौकी प्रभारी सुनील शर्मा को यहां का प्रभारी बनाया गया था. हाल ही में ग्राम धनगुँवा में हुई एक मौत के मामले में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश पर जाँच चल रही है, इसी कारण श्री शर्मा को हटाकर पुन: बलेह चौकी भेजा है.

# एयरपोर्ट निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया शुरू हुई

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जुलाई. विधानसभा में खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा उठाए गए प्रश्न पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जानकारी दी है कि सागर संभागीय मुख्यालय में एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है.**

मुख्यमंत्री ने बताया कि एयरपोर्ट निर्माण का कार्य मुख्यत: केंद्र सरकार की एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र में आता है. वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सागर के आसपास विमानतल निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि के चिन्हांकन हेतु जिला कलेक्टर को पत्र भेजा गया है, जिससे आगामी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके. श्री सिंह ने विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से सागर संभागीय मुख्यालय पर एयरपोर्ट निर्माण के संबंध में सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई तथा केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने की स्थिति की जानकारी मांगी थी.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उत्तर में स्पष्ट किया कि सागर में एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है. उपयुक्त भूमि का चयन होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी. विधानसभा में विधायक श्री सिंह ने कहा कि सागर संभाग जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र के लिए एयरपोर्ट की स्थापना अत्यंत आवश्यक है. इससे न केवल क्षेत्र के उद्योग, व्यापार, निवेश और पर्यटन को नई गति मिलेगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य तथा प्रशासनिक दृष्टि से भी पूरे संभाग को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होगा. विधानसभा में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए उत्तर से स्पष्ट हुआ है कि सागर में एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और इसके लिए उपयुक्त भूमि चिन्हांकन का कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है. इससे क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही एयरपोर्ट मांग को गति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है.

# किराना दुकान से गांजा जब्त

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जुलाई. मालथौन थाना अंतर्गत किराना दुकान से गांजा बेचने वाली महिला तस्कर को गिरफ्तार कर 1 किलोग्राम 602 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है.**

जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 16,000 है. मालथौन पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड क्रमांक-08 निवासी रजनी लोधी अपनी किराना दुकान की आड़ में अवैध रूप से गांजा बेच रही है. सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से उक्त दुकान पर दबिश दी।महिला पुलिसकर्मी की उपस्थिति में विधिवत तलाशी लेने पर दुकान से 1 किलोग्राम 602 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ. पूछताछ में महिला ने नाम रजनी लोधी निवासी इंद्रा कॉलोनी, मालथौन, बताया. बरामद मादक पदार्थ को विधिवत जप्त कर आरोपिया के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया है. पुलिस द्वारा यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी महिला को गांजा कहां से प्राप्त होता था.

### मुनि संघ का आगमन

**सागर.** भाग्योदय तीर्थ परिसर में वर्षायोग चातुर्मास हेतु निर्यापक मुनिश्री अभय सागर महाराज ससंघ का मंगल आगमन 23 जुलाई गुरुवार को नगर अगवानी के साथ हो रहा है. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि मुनि संघ का जरूआखेड़ा में आहारचर्या हुई. मुनि संघ 22 जुलाई को सुबह नरयावली पहुंचेंगा. 23 जुलाई को सुबह 7 बजे खुरई रोड स्थित कृषि उपज मंडी चौराहा से मुनिसंघ का अगवानी जुलूस प्रारंभ होगा. मुनि संघ की अगवानी मुनिश्री उद्यमसागर महाराज, मुनिश्री गरिष्ठ सागर महाराज और मुनि श्री हीरक सागर महाराज ससंघ करेंगे. महिला मंडल विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी इस अगवानी जुलूस में उपस्थित रहेंगे.

# भटुआ टोला में 5 माह से छाया अंधेरा

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 21 जुलाई. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड गौरझामर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र इन दोनों विद्युत कंपनी की लापरवाही मनमानी के कारण परेशान हैं.**

खामखेडा घोसीपटटी व भटुआटोला के विधुत उपभोक्ताओं ने बताया है कि उन्हें विगत पांच माह से नियमित विधुत आपूर्ति नही हो रही है. जिससे वह परेशान है. समीप ग्राम घोसी पट्टी के भटुआ टोला में निवासरत श्रमिक मजदूर वर्ग के गरीब विद्युत उपभोकताओ का कहना है की विधुत वितरण कंपनी विगत 5 माहो से उपभोक्ताओं को सिर दर्द बनी हुई है. जहां उपभोक्ताओं को नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों के कामकाज व्यवसाय और कृषि कार्य अवरुद्ध हैं जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. एक पीड़ित परेशान नेत्रहीन दिव्यांग गरीब विद्युत उपभोक्ता दामोदर पटेल ने बताया कि वह विधुत कम्पनी के लापरवाह कर्मचारियो से परेशान है उसका कहना है वह नेत्रहीन है और बीमार बूढ़ी मां के साथ रहकर जीवनयापन करता है घर की लाइट बारबार चली जाती है जिससे उसे व मां को खासी दिक्कत जाती है. संबंधित अधिकारियो को इसकी शिकायत फोन पर करते है तो वह फोन नही उठाते है. कई बार लाइनमैन हेल्पर को शिकायत की गई लेकिन ठोस कार्यवाही नहीं होने के कारण यह समस्या आज भी पांच महिनो से जस की तस बनी हुई है. उपभोक्ता ने बताया है कि हम लोगों ने इस संबंध में 1912 विद्युत मंडल की हेल्प लाइन पर भी शिकायत की थी लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला.

# गुरु पूजन महोत्सव कल

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जुलाई. गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में राजघाट रोड पर गुरु पूजन महा महोत्सव का आयोजन 23 जुलाई को किया जा रहा है. जिसमें स्वामी राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज के मंगल प्रवचन भी होंगे.**

अजब श्री सेवा समिति अजब धाम एवं मलूक पीठ परिवार द्वारा आयोजित धार्मिक समारोह की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्य प्रमोद उपाध्याय ने बताया कि आयोजन सुबह 10 बजे से 4 बजे तक चलेगा. इस अवसर पर स्वामी राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज के द्वारा आर्शीवचन प्राप्त होंगे. डॉ बृजेश शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा भी प्रदान की जायेगी. हनुमान मिश्रा, सचिन शुक्ला ने बताया कि महाराज जी 22 जुलाई की सायंकाल सागर स्थित चनाटोरिया पहुंचेंगे. जहां पर रात्रि विश्राम के पश्चात 23 जुलाई की सुबह शिष्य मंडल के द्वारा बहेरिया, मकरोनिया, सिविल लाइन, तहसीली, तिली तिराहा से कार्यक्रम स्थल तक बुंदेली परंपरानुसार स्वागत रैली में शामिल काफिले के साथ निकाली जायेगी.

## एक नजर में



### श्री राम कथा कलश यात्रा का किया स्वागत

**सागर.** श्री राम कथा आयोजन के उपलक्ष्य में कलश यात्रा का आयोजन हुआ. जिसका शहर कांग्रेस सेवादलने राम प्याऊ,इतवारा बाजार में स्वागत किया. कलश यात्रा में अनंत श्री विभूषित रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार को पुष्पमाला अर्पित कर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने महाराज का आशीष प्राप्त किया. इस दौरान रत्नेश रावत,चंदू सोनी,संदीप रावत, समर्थ दीक्षित, प्रशांत सोनी, परख शुक्ला, निक्की यादव उपस्थित रहे.



### आंगनवाड़ी केंद्र में गोदभराई कार्यक्रम

**सागर.** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत मधुकरशाह वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-11 में गर्भवती महिलाओं के सम्मान में गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती रिचा सिंह ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और सकारात्मक वातावरण मां एवं शिशु दोनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं. इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बबीता अहिरवार, कलोडिया पॉल, मनीषा चढ़ार, सहायिका नीता अहिरवार, आशा कार्यकर्ता आशा दुबे एवं पुष्पा अहिरवार सहित क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं.



### यूसीसी के विरोध में भाकपा का ज्ञापन

**सागर.** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने समान नागरिक संहिता विधेयक वापस लेने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव चंदकुमार कामरेड ने बताया कि पार्टी का मत है कि समान नागरिक संहिता प्रारूप विसंगतियों और अन्तर्विरोधों से ग्रस्त है. प्रदेश एवं देश की जनता के मुद्दे बढ़ती मंहगाई, गरीबी, निशुल्क शिक्षा,सुगम स्वास्थ्य एवं शिक्षा नीति तथा परीक्षा प्रणाली हैं. उन्होने बताया कि हमारी पार्टी मप्र में प्रभावित होने वाले समूहों से विस्तृत विचार-विमर्श उपरांत सहमति बनाने हेतु समान नागरिक संहिता विधेयक को रोकने की मांग करती है. संविधान में निहित सामाजिक समरसता बिना भेदभाव जनता के सभी हिस्सों के हित एवं विश्वास बनाए रखा जाना आवश्यक है. प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व जिला पार्टी के सहसचिव गोवर्धन पटैल ने किया. इस दौरान कृष्ण कुमार वैद्य,भोलाप्रसाद करोसिया, महादेव करोसिया,सुदामा मछन्दर, राजेंद्र चौरसिया, गणेश प्रसाद अग्रवाल, साजिद खान ,देवेंद्र सिंघई एडवोकेट आदि उपस्थित थे.

# भगवान से प्रेम करना बड़ी प्रतिज्ञा

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जुलाई. राधे कृष्णा सत्संग परिवार पटकुई स्थित कुबेर वाटिका में श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन नीलगिरी पीठाधीश्वर आत्मानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि इस जीवन में मोह सबसे बड़ा दुशमन है क्योंकि जब मनुष्य मोह माया के चक्रव्यूह में आता है तब आत्मचिंतन करना भूल जाता है.**

भागवत कथा, सत्संग और भक्ति करने से असल मोह होना चाहिए. भगवान से प्रेम करना सबसे बडी प्रतिज्ञा है. उन्होंने समाज में चल रहे अवधारणाओं के बारे में कहा कि बहू को सताना, एक भाई का दूसरे भाई को परेशान करना पाप में आता है. भगवान को पाने का सबसे श्रेष्ठ साधन सत्संग है, जिन प्रसंगों के द्वारा मोह, अज्ञान का नाश हो जाए उसे सत्संग कहते है.

सत्संग करने से बोध होता है कि हमें क्या करना है, सच्चे मन से की गई साधना परमात्मा तक जाती है. स्त्री, पुरुष, काला, गोरा केवल बाहरी रूप है, अंदर से सब की एक ही आत्मा है. यदि मन भगवान में लग जाए तब कल्याण होना निश्चित है क्योंकि भक्ति में शक्ति है. अपने अंतरमन में भगवान को बैठाओं और अच्छा व्यवहार करो. माता-पिता की सेवा करने से भगवान मिल जाते है.

### जनचौपाल शिविर आज

**सागर.** आपकी महापौर आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत 22 जुलाई बुधवार को प्रात: 11 बजे से चकराघाट एवं बरियाघाट वार्ड का संयुक्त जनचौपाल शिविर आयोजित किया जाएगा. शिविर में दोनों वार्डों के नागरिक अपनी स्थानीय समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकेंगे, जिनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे. इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने से वंचित पात्र नागरिकों को योजनाओं से जोड़ने एवं आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई कराने की व्यवस्था भी शिविर में की जाएगी.

# युवाओं को दिलाया गया नशा मुक्ति का संकल्प

नवभारत न्यूज

**बंडा 21 जुलाई. नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अनुविभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं नशा मुक्ति संकल्प समारोह का आयोजन शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में हुआ.**




मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय भारतीय महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़, विशिष्ट अतिथि शोभना वर्मा एसडीओ वन विभाग बंडा उपस्थित रहीं. स्वागत उद्बोधन एवं प्रतिवेदन एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि ने प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में सांदीपनि विद्यालय की छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित ऐसी धाकड़ है एवं निर्भय अवतार नृत्य-नाटिकाओं की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई. इस अवसर पर प्राचार्य विवेक सोनी एवं एसडीओ वन विभाग शोभना वर्मा द्वारा क्रांति गौड़ को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस दौरान प्रभारी प्राचार्य रणजीत गौर, अंजनी श्रीवास्तव, देवेंद्र हजारी, राजेश सिंह राजपूत, आनंद यादव, दीपशिखा अहिरवार, मीना यादव, मनीष सोनी, अमित जैन, सुरेश रजक, भारती बाग, ओमनारायण विश्वकर्मा, केके नामदेव, संतोष चौरसिया आदि मौजूद थे.

# ध्वजारोहण के साथ सिद्धचक्र विधान प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जुलाई. अष्टानिका महापर्व पर भाग्योदय तीर्थ में सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ हुआ.**



मुनिश्री उद्यम सागर महाराज ने कहा कि तीनों लोकों और तीनों कालों में यदि कोई सर्वश्रेष्ठ पर्व है, तो वह अष्टानिका महापर्व है. इस पावन पर्व में की गई आराधना, साधना और विधान का पुण्य अनंत फल प्रदान करने वाला होता है. मुनि श्री ने कहा कि व्रतों में दशलक्षण पर्व का विशेष महत्व है. जिस प्रकार कर्मों के राजा चक्रवर्ती, इंद्रों के राजा सौधर्म इंद्र माने जाते हैं, उसी प्रकार विधानों में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान को विधानों का राजा कहा गया है. उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि अष्टानिका महापर्व के दौरान विधान को कभी नहीं छोड़ना चाहिए. पूर्ण विशुद्धि, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया यह अनुष्ठान साधक के जीवन में अद्भुत आध्यात्मिक फल प्रदान करता है. मुनि श्री उद्यम सागर महाराज ने कहा कि सिद्धचक्र महामंडल विधान के माध्यम से वातावरण में शांति और साधकों के परिणामों में निर्मलता का भाव उत्पन्न होना चाहिए. यदि इस चातुर्मास में सभी के अंत:करण में शांति, संयम और आत्मकल्याण की भावना जागृत हो जाए, तो यह चातुर्मास निश्चित रूप से सार्थक और शांति का संदेश देने वाला सिद्ध होगा. अष्टानिका पर्व आत्मशुद्धि, संयम और त्याग का पर्व है. त्याग के लिए किसी पर कोई बंधन नहीं है, लेकिन जिसकी भावना हो, वह अपनी सामर्थ्य और श्रद्धा के अनुसार नियम ले सकता है. इस पावन पर्व में बाहरी खान-पान का त्याग कर सात्विकता, संयम और धर्ममय जीवन को अपनाने का प्रयास करना चाहिए.



### सीएम हेल्पलाइन में शिकायत पर कार्रवाई

**सागर.** सीएम हेल्पलाइन पर मिली शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने कटरा बाजार स्थित सत्या डोसा एवं फास्ट फूड पर निरीक्षण कर कार्यवाही की. टीम ने डोसा बनाने में उपयोग किए जा रहे आलू के मसाले का सैंपल जांच के लिए लिया. निरीक्षण के दौरान दुकान में पाई गई कमियों और गंदगी पर अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए साफ—सफाई रखने के निर्देश दिए. डोसा विक्रेता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों का पालन करते हुए ही सामग्री बनाने और बेचने की हिदायत दी गई है.

# कुपोषित बच्चे चिन्हित कर केंद्र भेजें

नवभारत न्यूज

**बीना 21 जुलाई. मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से मैदानी अमले का मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

मुख्य अतिथि कलेक्टर प्रतिभा पाल ने केरल से तुलना करते हुए कहा कि आखिर हमारे क्षेत्र में शिशु मृत्यु दर अधिक क्यों है? केरल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की स्थिति सबसे बेहतर है. वहां हर गर्भवती महिला की 4 बार जांच, संस्थागत प्रसव और जन्म के बाद फॉलोअप सुनिश्चित किया जाता है. हमें भी उसी मॉडल को अपनाना होगा. कलेक्टर ने मैदानी अमले को निर्देश दिए कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान कर समय पर रेफरल किया जाए. संस्थागत प्रसव 100 प्रतिशत हो और जन्म के 48 घंटे के अंदर नवजात की होम विजिट सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. बीएमओ डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु के अधिकांश मामले समय पर जांच न होने और प्रसव के दौरान देरी से होते हैं. एएनएम और आशा कार्यकर्ता गांव स्तर पर गर्भवती का पंजीकरण, टीकाकरण और पोषण की निगरानी करें. कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केंद्र तक भेजा जाए. सीएमएचओ डॉ देवेश पटेरिया ने कहा कि प्रशिक्षण का मकसद सिर्फ कागज पर रिपोर्ट बनाना नहीं है. हर कार्यकर्ता को फील्ड में जाकर काम करना होगा. डॉ अचला जैन, डॉ. आशीष जैन, बृजेश तिवारी, जॉली साबू, एसडीएम रवीश श्रीवास्तव, तहसीलदार अंबर पंथी मौजूद थे.

# यातायात जागरुकता अभियान



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 21 जुलाई. ललितपुर यातायात पुलिस ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर विशेष जागरूकता एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया.**

इस दौरान वाहन चालकों को वर्षा ऋतु में हाई बीम के दुष्प्रभाव, लो बीम और फॉग लाइट के सही उपयोग के बारे में जानकारी दी गई. अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 109 वाहन चालकों के चालान भी किए गए. हाई बीम की तेज रोशनी बारिश की बूंदों से टकराकर सामने वाहन चालक की आंखों के सामने सफेद चमक पैदा करती है, जिससे दृश्यता कम हो जाती है और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है.

### अधिवक्ता संघ अध्यक्ष देवलिया, यादव महामंत्री

**ललितपुर.** जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के घोषित परिणामों में अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता राजेश कुमार देवलिया ने विजय प्राप्त की. वहीं महामंत्री पद पर अधिवक्ता लखनलाल यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता कैलाश बाबू समैया तथा कोषाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता अर्चना परमार निर्वाचित घोषित किए गए. अधिवक्ताओं ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों से बार एसोसिएशन की गरिमा, अधिवक्ता हितों की रक्षा तथा न्यायिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी नेतृत्व प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की.

# कृषि महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए राशि जारी

नवभारत न्यूज

**खुरई 21 जुलाई. किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंसाना ने विधानसभा में बताया कि खुरई स्थित अटल बिहारी वाजपेयी कृषि महाविद्यालय के नवीन भवन एवं छात्रावास निर्माण के लिए शासन द्वारा प्रथम किश्त के रूप में 15 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं.**

महाविद्यालय भवन के प्रथम चरण तथा छात्रावास निर्माण के लिए वर्तमान में निविदा आमंत्रित करने की प्रक्रिया प्रचलन में है. निविदा स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा तथा निर्माण पूर्ण होने पर विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी1 यह जानकारी उन्होंने खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में दी. श्री सिंह ने विधानसभा में प्रश्न उठाते हुए खुरई स्थित पंडित अटल बिहारी वाजपेयी कृषि महाविद्यालय के नवीन भवन, छात्रावास तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के निर्माण के लिए विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी मांगी थी. साथ ही उन्होंने यह भी पूछा था कि महाविद्यालय में भवन, छात्रावास एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं कब तक उपलब्ध कराई जाएंगी. मंत्री श्रीकंसाना ने अपने उत्तर में बताया कि शासन द्वारा जारी प्रथम किश्त की राशि से महाविद्यालय भवन के प्रथम चरण एवं छात्रावास निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। वर्तमान में लोक निर्माण संबंधी आवश्यक औपचारिकताओं के तहत निविदा आमंत्रित करने की कार्रवाई की जा रही है.

मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि निविदा स्वीकृत होने तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद महाविद्यालय में आवश्यक शैक्षणिक एवं छात्रावास संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी.